उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में पं0 दीन दयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की तरफ से दिनांक 10 फरवरी, 2021 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धा सुमन दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह–व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव, श्री अतुल कोठारी जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन पं0 दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ के निदेशक प्रो0 जी0एस0 शुक्ला ने किया, अनुसंधान पीठ के सचिव डॉ0 संजय कुमार सिंह ने अतिथि परिचय तथा सह–सचिव डॉ0 सुरेन्द्र कुमार ने संचालन किया। समाचार संकलन डॉ0 शिवेन्द्र सिंह ने किया इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में समस्त निदेशकगण, आचार्य, सह–आचार्य, सहायक आचार्यगण, शैक्षणिक परामर्शदाता एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण के साथ–साथ वर्चुअल मोड में सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहें।

डॉ0 सुरेन्द्र कुमार

कार्यक्रम का करते हुए संचालन डॉ0 सुरेन्द्र कुमार एवं मंचासीन माननीय अतिथिगण

सभागार मे उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक, अधिकारी, छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारीगण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पं0 दीन दयाल उपाध्याय श्रद्धा सुमन दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी सह–व्याख्यान

दिनांक – 10.02.2021

संरक्षक:– प्रो0 के0 एन0 सिंह (मा0 कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता :– श्री अतुल कोठारी जी (राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली)

संयोजक
प्रो0 (डा0) जी.एस.शुक्ल

आयोजन सचिव
डा0 संजय कुमार सिंह

आयोजन सह–सचिव
डा0 सुरेन्द्र कुमार

आयोजन स्थल :– तिलक शास्त्रार्थ सभागार, सरस्वती परिसर

मुख्य अतिथि श्री अतुल कोठारी जी को नारियल भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 दीपा चौबे।

मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी
को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 सुषमा चौहान।

कार्यक्रम के संयोजक एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो0 जी.एस.
शुक्ल जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए श्री अमित सिंह।

सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक, अधिकारी, छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारीगण

प्रो0 जी.एस. शुक्ल

अतिथि स्वागत एवं विषय प्रर्वतन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ के निदेशक प्रो0 जी. एस. शुक्ल ने कहा कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय एक महान संगठनकर्ता , गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक वाले कद्दावर व्यक्तित्व के धनी थे। इस पुण्यतिथि के अवसर पर हृदय की गहराइयों से हार्दिक श्रद्धांजलि सादर अभिव्यक्त करता हूँ।

सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक, अधिकारी, छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारीगण

दीनदयाल उपाध्याय पुस्तिका का विमोचन

दीनदयान उपाध्याय पुस्तिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री अतुल कोठारी जी, मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा साथ में कार्यक्रम के संयोजक एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ के निदेशक प्रो0 जी.एस. शुक्ल

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता का उद्बोधन



श्री अतुल कोठारी जी,

अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे पंडित दीनदयाल : कोठारी

मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा कार्य करने की शैली अत्यंत उत्कृष्ट थी। पंडित उपाध्याय का जीवन दर्शन उच्च कोटि का था। वह अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे।

श्री कोठारी ने कहा कि जैसा उनका नाम था वैसे ही उनके गुण थे। दीन हीन शोषित पीड़ित व्यक्तियों के लिए वह मसीहा थे। नियम और कानून का जीवन में पूर्ण रुप से पालन करते थे। नागरिक कर्तव्यों का उन्होंने जीवन भर पालन किया। पंडित उपाध्याय ने छोटी उम्र में बहुत कष्ट झेले लेकिन अपने लिए कभी किसी से कुछ नहीं मांगा।

श्री कोठारी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित पीठ की सराहना करते हुए कहा कि यह पीठ अच्छे कार्य करने का माध्यम बनेगी। मुक्त विश्वविद्यालय इसका प्रारंभ गोद लिए हुए गांव से कर सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को इन गांवों तक ले जायें।श्री कोठारी ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने चुनौती को अवसर में बदल दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना काल में 2 दिन का वेतन देकर सराहनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि त्याग और सेवा दीनदयाल जी के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलती है। वह बहुत अच्छे चिंतक, विचारक एवं विद्वान थे। एकात्म मानव दर्शन पर इस पीठ को काम करना चाहिए। एकात्म मानववाद शिक्षा, पर्यावरण एवं समाज के सभी क्षेत्रों पर लागू होता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन

प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

प्रत्येक व्यक्ति की भावना का सम्मान होना चाहिए : प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय एक टापू बन कर न रहें। जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं हैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को समझना होगा। हर व्यक्ति की भावना का सम्मान होना चाहिए तथा सामूहिकता का भाव होना चाहिए। यही अंत्योदय है, यही दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का दर्शन है।

अतिथि सम्मान



मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री अतुल कोठारी जी को अंगवस्त्र एवं सर्व समावेशी संस्कृति कुम्भ की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा साथ में कार्यक्रम के संयोजक एवं पं0 दीन दयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ के निदेशक प्रो0 जी.

सभागार में उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, निदेशक, अधिकारी, छात्र–छात्रायें एवं कर्मचारीगण

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोंगो ने उत्तराखण्ड में ग्लेशियर पिघलने से हुई दुर्घटना में मारे गये लोंगो के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया।

राष्ट्रगान के समय खड़े मा0 अतिथि, प्रतिभागी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

प्रयागराज, गुरुवार
11 फरवरी, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पेट्रोल की कीमत घटने की संभावना नहीं 13
ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की संवैधानिकता पर सीनेट की मुहर 16

6 माघ मेला 2021 तीरथ पतिहिं आव सब कोई
www.jagran.com
दैनिक जागरण
प्रयागराज, 11 फरवरी, 2021

अब पंडित दीनदयाल पर शोध करेगा मुविवि

गुरुदीप त्रिपाठी • प्रयागराज

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (मुविवि) में चालू शैक्षणिक सत्र से एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर भी शोध होगा। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यपरिषद ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

पं.दीनदयाल उपाध्याय

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और दर्शन से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए मुक्त विवि समेत 13 राज्य विश्वविद्यालयों में शोध पीठ की स्थापना की गई थी। इसके लिए 50 लाख का ग्रांट भी दिया जाना था। हालांकि, अब तक यह अनुदान नहीं मिला है। पीठ सेमिनार और गोष्ठियों तक ही सीमित थी। बुधवार को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अखिल भारतीय मंत्री अतुल कोठारी ने इसका अनौपचारिक उद्घाटन भी कर दिया। कुलपति प्रो. केएन सिंह की पहल पर पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि से पूर्व पीठ के तहत शोध कराने का फैसला हुआ है। विवि में 13 साल बाद चालू सत्र में पीएचडी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

गांव-गांव चलेगा अभियान : शोध पीठ के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित अभियान गांव-गांव में शुरू कराया जाएगा। किसी न किसी गांव में हर साल अंत्योदय की अवधारणा साकार की जाएगी। ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। शोधार्थी फील्ड वर्क भी करेंगे। इस पीठ से उन गांवों को भी जोड़ा जाएगा, जिन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से गोद लिया गया है।

> पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ नए कलेवर में नजर आएगी। इस पीठ के तहत चालू सत्र से शोध को मंजूरी मिल गई है। शोधार्थी फील्ड में काम करेंगे और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करेंगे।
>
> **प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति।**

अपने आचरण से सीख देते थे पंडित दीनदयाल : कोठारी

जासं, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की तरफ से बुधवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित उपाध्याय अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने भी संबोधित किया। प्रो. गिरजा शंकर शुक्ल, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. अरुण गुप्ता रहे।

भीगे कपड़े पहन कर ही निकल पड़े थे दीनदयाल

जासं, प्रयागराज : शिक्षा, साहित्य, कला, विधि और राजनीति के गढ़ प्रयागराज (पूर्ववर्ती इलाहाबाद) से एकात्मवाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का गहरा नाता था। यहीं उन्होंने बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग (बीटी) भी पूरी की। सत्र 1941-42 में राजकीय केंद्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान के छात्रावास में रहे थे। वह कई बार यहां आए। स्वयंसेवकों के साथ बैठक करने के साथ ही उनके घर भोजन के लिए भी जाते थे।

कर्नलगंज के पूर्व पार्षद राधेकृष्ण गोस्वामी कहते हैं कि वर्ष 1966 में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रयागराज आए थे। एक कार्यक्रम से लौटते समय बारिश में भीग गए। उन्हें स्वयंसेवक महजनी टोला स्थित संघ कार्यालय ले गए। वहीं पंखा चलाकर उनका धोती-कुर्ता सुखाने की कोशिश की गई। धोती तो जैसे तैसे सूख गई पर कुर्ता नहीं सूख पाया। इसी बीच ट्रेन का समय हो गया। उन्हें दिल्ली जाना था। झट से झोले में रखा दूसरा कुर्ता निकाला लेकिन वह भी भीग गया था। बिना समय लगाए उन्होंने भीगा कुर्ता पहन लिया और बोले चलो स्टेशन। यह तो रास्ते में सूख जाएगा। वर्ना ट्रेन छूट जाएगी। स्वयंसेवकों ने कुछ देर बाद की दूसरी ट्रेन से जाने का सुझाव दिया, पर उन्होंने कहा कि समय का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इससे दूसरे कार्यक्रम भी प्रभावित होते हैं, जिसका असर बहुत से लोगों पर पड़ता है।

पुण्यतिथि पर विशेष

जन्म- 25 सितंबर 1916
निधन - 11 फरवरी 1968

सत्र 1941-42 में प्रयागराज से की थी बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग

संगठन से लोगों को जोड़ने पर देते थे बल

वरिष्ठ स्वयंसेवक बलरामपुर निवासी सुरेंद्र शुक्ल बताते है कि 1967 में भी दीनदयाल उपाध्याय प्रयागराज आए थे। संघ कार्यालय पर स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर संदेश दिया कि आम लोगों को शाखा तक लाने की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। संघ के प्रति यदि किसी में आशंका हो तो उसका समाधान करें।

हर बात
प्रयागराज
गुरूव

अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे पंडित दीनदयाल : कोठारी

मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर हुआ आयोजन

हर बात संवाददाता

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की तरफ से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धा सुमन दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा कार्य करने की शैली अत्यंत उत्कृष्ट थी। पंडित उपाध्याय का जीवन दर्शन उच्च कोटि का था। वह अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे।

श्री कोठारी ने कहा कि जैसा उनका नाम था वैसे ही उनके गुण थे। दीन हीन शोषित पीड़ित व्यक्तियों के लिए वह मसीहा थे। नियम और कानून का जीवन में पूर्ण रुप से पालन करते थे। नागरिक कर्तव्यों का उन्होंने जीवन भर पालन किया। पंडित उपाध्याय ने छोटी उम्र में बहुत कष्ट झेले लेकिन अपने लिए कभी किसी से कुछ नहीं मांगा।श्री कोठारी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित पीठ की सराहना करते हुए कहा कि यह पीठ अच्छे कार्य करने का माध्यम बनेगी। मुक्त विश्वविद्यालय इसका प्रारंभ गोद लिए हुए गांव से कर सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को इन गांवों तक ले जायें।श्री कोठारी ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने चुनौती को अवसर में बदल दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना काल में 2 दिन का वेतन देकर सराहनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि त्याग और सेवा दीनदयाल जी के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलती है। वह बहुत अच्छे चिंतक, विचारक एवं विद्वान थे। एकात्म मानव दर्शन पर इस पीठ को काम करना चाहिए। एकात्म मानववाद शिक्षा, पर्यावरण एवं समाज के सभी क्षेत्रों पर लागू होता है।अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय टापू बन कर न रहें। जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं है उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को समझना होगा। हर व्यक्ति की भावना का सम्मान होना चाहिए तथा सामूहिकता का भाव होना चाहिए। यही अंत्योदय है, यही दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का दर्शन है।प्रारंभ में विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने किया। आयोजन सचिव डॉ संजय कुमार सिंह ने अतिथि परिचय तथा संचालन सह-सचिव डॉ सुरेंद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कोठारी तथा कुलपति प्रोफेसर सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय पुस्तिका का विमोचन किया।

आनंदी मेल

(हिन्दी दैनिक) लखनऊ, गुरूवार, 11 फरवरी 2021 R.N.I No.UPHIN/2009/29300 पृष्ठ: 8

मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर हुआ आयोजन

अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे पंडित दीनदयाल-कोठारी

आनंदी मेल संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की तरफ से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धा सुमन दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे।

उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा कार्य करने की शैली अत्यंत उत्कृष्ट थी। पंडित उपाध्याय का जीवन दर्शन उच्च कोटि का था। वह अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे।श्री कोठारी ने कहा कि जैसा उनका नाम था वैसे ही उनके गुण थे। दीन हीन शोषित पीड़ित व्यक्तियों के लिए वह मसीहा थे। नियम और कानून का जीवन में पूर्ण रुप से पालन करते थे। नागरिक कर्तव्यों का उन्होंने जीवन भर पालन किया। पंडित उपाध्याय ने छोटी उम्र में बहुत कष्ट झेले लेकिन अपने लिए कभी किसी से कुछ नहीं मांगा। श्री कोठारी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित पीठ की सराहना करते हुए कहा कि यह पीठ अच्छे कार्य करने का माध्यम बनेगी। मुक्त विश्वविद्यालय इसका प्रारंभ गोद लिए हुए गांव से कर सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को इन गांवों तक ले जायें।श्री कोठारी ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने चुनौती को अवसर में बदल दिया।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना काल में 2 दिन का वेतन देकर सराहनीय कार्य किया है।उन्होंने कहा कि त्याग और सेवा दीनदयाल जी के संपूर्ण जीवन में देखने को मिलती है। वह बहुत अच्छे चिंतक, विचारक एवं विद्वान थे। एकात्म मानव दर्शन पर इस पीठ को काम करना चाहिए। एकात्म मानववाद शिक्षा, पर्यावरण एवं समाज के सभी क्षेत्रों पर लागू होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय टापू बन कर न रहें। जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं हैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को समझना होगा। हर व्यक्ति की भावना का सम्मान होना चाहिए तथा सामूहिकता का भाव होना प्रारंभ में विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर गिरजा शंकर शुक्ला ने किया। आयोजन सचिव डॉ संजय कुमार सिंह ने अतिथि परिचय तथा संचालन सह-सचिव डॉ सुरेंद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कोठारी तथा कुलपति प्रोफेसर सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय पुस्तिका का विमोचन किया।

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

05 हिन्दुस्तान प्रयागराज

बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे दीनदयाल उपाध्याय : कोठारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की तरफ से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। जीवन सादगी तथा कार्य करने की शैली अत्यंत उत्कृष्ट थी। उपाध्याय का जीवन दर्शन उच्च कोटि का था। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. केएन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय टापू बन कर न रहें। जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं हैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करें।

अमर उजाला

अमर उजाला प्रयागराज

न्यूज डायरी

बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की ओर से बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा काम करने की शैली अत्यंत उत्कृष्ट थी। कुलपति प्रो केएन सिंह ने कहा कि जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं हैं, उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। प्रो गिरजा शंकर शुक्ल ने इस मौके पर विचार व्यक्त किए। सचिव डॉ. संजय कुमार सिंह ने अतिथि परिचय तथा संचालन सह सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार ने किया। धन्यवाद कुलसचिव डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने किया। ब्यूरो

चीन में फंसे 16 भारतीय नाविकों की 14 को होगी वापसी

नई दिल्ली । चीन में फंसे 16 भारतीय नाविक की जल्द ही घर वापसी होने वाली है। बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री मनसुख मांडविया ने जानकारी दी है कि चीनी बंदरगाह में फंसे एमवी अनस्तासिया के 16 भारतीय नाविक 14 फरवरी को वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि मालवाहक पोत एमवी अनस्तासिया जापान से आज यात्रा शुरू करने वाला है और 14 फरवरी को भारत पहुंचेगा। एम वी अनस्तासिया पोत काओफिडीयन बंदरगाह पर 20 सितंबर से खड़ा है। इस प्रयास के लिए चीन और शिपिंग कंपनी एमएससी की सराहना की है। इसी सप्ताह चीन के अधिकारियों ने कार्गो पोत पर फंसे एमवी अनस्तासिया के 16 नाविकों को क्रू बदलने की इजाजत दे दी थी।

सहज चेतना

आरक्षण पर सरकार जो भी संभव होगा करेगी- सीएम येदियुरप्पा

बेंगलुरु। बेहतर आरक्षण के लिए राज्य में विभिन्न समुदायों की मांग के बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार कानून और संविधान के दायरे में जो भी संभव होगा वह करेगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, हम संविधान और कानून के दायरे में जो कुछ भी संभव है उसे करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करेंगे। देश के अन्य राज्यों में जो किया गया है, वह मैं यहां कर सकता हूं।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले पर चर्चा की जा रही है और कानूनी विशेषज्ञों, महाधिवक्ता और अन्य महत्वपूर्ण लोगों से परामर्श करने के बाद, सरकार से जो भी संभव हो सकेगा, वो करने की कोशिश करेगी।

वर्ष 12 अंक 131 (हिन्दी दैनिक) प्रयागराज गुरूवार 11 फरवरी 2020 पृष्ठ 8 मूल्य 2-00 रूपया

हिन्दी दैनिक सहज चेतना प्रयागराज पृष्ठ-3 गुरूवार, 11 फरवरी 2021

प्रयागराज

स्वयं के आचरण से लोगों को सिखाते थे पंडित दीनदयाल: कोठारी

प्रयागराज | सवांददाता

प्रयागराज। प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की ओर से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धासुमन दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डा. अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा कार्य करने की शैली बहुत ही उत्कृष्ट थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे। डा. कोठारी ने कहा कि जैसा उनका नाम था, वैसे ही उनके गुण थे। दीन, हीन, शोषित, पीड़ित व्यक्तियों के लिए वह मसीहा थे। नियम और कानून का जीवन में पूर्ण रुप से पालन करते थे। डा. कोठारी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित पीठ की सराहना की। कहा कि यह पीठ अच्छे कार्य करने का माध्यम बनेगी। श्री कोठारी ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की मुक्त कंठ से सराहना की। कहा कि उनके नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने चुनौती को अवसर में बदल दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना काल में दो दिन

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 अप्रैल से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट की वर्ष 2021 की परीक्षाएं 24 अप्रैल से संयुक्त रूप से शुरू होंगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से बुधवार को परीक्षा से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने वर्ष 2021 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की समय सारिणी घोषित की। इस बार बोर्ड की परीक्षाएं 24 अप्रैल 2021 से शुरू होकर 12 मई को समाप्त होंगी। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं एक साथ 24 अप्रैल से प्रारम्भ होंगी। हाईस्कूल की परीक्षा 12 कार्य दिवसों में होकर 10 मई को समाप्त होंगी। जबकि इण्टरमीडिएट की परीक्षा 15 कार्य दिवसों में होकर 12 मई को सम्पन्न होंगी। गत वर्ष में भी हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 12 कार्य दिवसों में तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा 15 कार्य दिवसों में हुई थी। श्री शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में 16,74,022 बालक तथा 13,20,290 बालिकाओं सहित कुल 29,94,312 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में 14,73,771 बालक तथा 11,35,730 बालिकाओं समेत कुल 26,09,501 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। दोनों परीक्षाओं में 31,47,793 बालक तथा 24,56,020 बालिकाएं कुल 56,03,813 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। वर्ष 2020 की हाईस्कूल परीक्षा में 30,24,480 तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में 25,86,339 कुल 56,10,819 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे।

3 राजधानी
खुले स्कूल, बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान
6 अभिमत
व्यवस्था सुधारने का समय
10 स्पोर्ट्स
नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में
11 विदेश
काबुल में बम विस्फोट

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 112
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 11 फरवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com

आज मैं जैसी भी हूं, गुरुकृपा से ही हूं
विविध-12

शिक्षा व्यवस्था का समग्रता से विचार करती है राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः डॉ. अतुल

● ट्रिपल आईटी में नई शिक्षा नीति के पहलुओं एवं क्रियान्वयन पर हुई संगोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

नयी शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक जिले में बड़े आकार का एक बहुविकल्पीय संस्थान वर्ष 2030 तक स्थापित किया जायेगा। विषयों के रचनात्मक संयोजन के साथ अत्याधुनिक पाठ्यक्रम, लचीले विकल्प और अनेक प्रवेश और निकास विकल्प छात्रों को अपनी रुचि के क्षेत्रों में शोध की अनुमति देंगे साथ ही जिज्ञासा को भी बढ़ावा देंगे। यह बातें डा. अतुल कोठारी सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में नई शिक्षा नीति के विविध पहलुओं एवं उनके क्रियान्वयन के बारे में आयोजित संगोष्ठी में कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देश में शिक्षा व्यवस्था का समग्रता से विचार करती है। एक शिक्षा व्यवस्था जिसमें छात्र अपनी पसंद के विषय में शिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। कहा, विद्यार्थियों से शुल्क क्रेडिट पर आधारित होना चाहिए। विद्यार्थी जितने क्रेडिट के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेगा, वह संस्थान उतने ही क्रेडिट का शुल्क विद्यार्थी से लेने की व्यवस्था होनी चाहिए। विद्यार्थियों को प्रवेश पाठ्यक्रम में दिया जाना चाहिए न की पूर्ण कार्यक्रम में। उन्होंने कहा कि बहुविकल्पीय शिक्षा व्यवस्था के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक होगा कि सभी तकनीकी शिक्षण संस्थानों का वार्षिक कैलेंडर एक समान बने। जिससे छात्रों को क्रेडिट ट्रांसफर तथा प्रवेश एवं निकास के अनेक अवसर जैसे प्रावधानों को सरलता से क्रियान्वयित किया जा सके। प्रो. पी नागभूषण निदेशक ट्रिपलआईटी ने नई शिक्षा नीति को भारत के सकारात्मक बदलाव को बताया। उन्होंने कहा कि ट्रिपलआटी में नई शिक्षा नीति के लागू होने से पहले ही इसके कई प्रावधानों को पहले से ही सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है। अब छात्रों को परम्परागत परीक्षा प्रणाली की बजाए सीखने पर बल दिया जा रहा है। जिससे छात्रों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो सके। कार्यक्रम समन्वयक डा. नीतेश पुरोहित ने कहा कि ट्रिपलआईटी द्वारा विकसित पाठ्यक्रम को देश के अन्य संस्थानों में वैसे ही लागू किया जा सकता है। डा. संजय देशमुख पूर्व कुलपति मुम्बई विश्विद्यालय ने कहा कि देश कि 55 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु के लोगों की है। जो देश को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया की सर्वोच्चता दिला सकती है। इस अवसर पर डा. विजयश्री तिवारी, कुलसचिव प्रो शेखर वर्मा, प्रो. टी लहरी, प्रो. ओ पी व्यास, मनीष कुमार, प्रीतीश भारद्वाज, माधवेन्द्र मिश्र, सुनील यादव, विनीत त्रिपाठी, विजेंद्र सिंह, संजय सिंह, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वयं के आचरण से लोगों को सिखाते थे पंडित दीनदयालः डॉ. कोठारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान पीठ की ओर से बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर श्रद्धासुमन दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डा. अतुल कोठारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनका जीवन सादगी पूर्ण तथा कार्य करने की शैली बहुत ही उत्कृष्ट थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने आचरण से लोगों को सिखाते थे। डा. कोठारी ने कहा कि जैसा उनका नाम था, वैसे ही उनके गुण थे। दीन, हीन, शोषित, पीड़ित व्यक्तियों के लिए वह मसीहा थे। नियम और कानून का जीवन में पूर्ण रुप से पालन करते थे। डा. कोठारी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर स्थापित पीठ की सराहना की। कहा कि यह पीठ अच्छे कार्य करने का माध्यम बनेगी। श्री कोठारी ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की मुक्त कंठ से सराहना की। कहा कि उनके नेतृत्व में मुक्त विश्वविद्यालय ने चुनौती को अवसर में बदल दिया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कोरोना काल में दो दिन का वेतन देकर सराहनीय कार्य किया है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय टापू बन कर न रहे। जन सामान्य की हमसे जो अपेक्षाएं हैं। उस पर खरा उतरने का प्रयास करें। मुख्य अतिथि अतुल कोठारी तथा कुलपति प्रो के एन सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय पुस्तिका का विमोचन किया। विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक प्रो. गिरिजा शंकर शुक्ला ने किया। आयोजन सचिव डा. संजय कुमार सिंह ने अतिथि परिचय तथा संचालन सह सचिव डा. सुरेंद्र कुमार ने किया।

न्यूज डायरी

मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं नौ से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के दिसंबर सत्र की परीक्षाएं नौ फरवरी से प्रदेश के 111 केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर अंतिम मुहर भी लग गई है। परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी और शुक्रवार को परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रदेश भर से लगभग 37 हजार परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों सुबह नौ से दोपहर 12 और अपराह्न एक से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज में सर्वाधिक 21 केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही कैदियों के लिए नैनी सेंट्रल जेल को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। ब्यूरो

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

12 फरवरी, 2021

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रारम्भ

मा0 कुलपति जी ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर–2020 एवं जून– 2020 की सेमेस्टर परीक्षायें दिनांक 09 फरवरी, 2021 से प्रदेश के 111 परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। लगभग 40 हजार परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। अभी तक कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये नहीं पकड़ा गया। परीक्षायें दो पालियों में प्रातः 9 से 12 तथा अपराह्न 1 से 4 बजे तक पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचितपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में जल एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है एवं कोविड–19 के नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है। परीक्षा के लिए प्रयागराज में सर्वाधिक 21 केन्द्र बनाये गये हैं।साथ ही कैदियों के लिए नैनी सेन्ट्रल जेल में भी परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने दिनांक 12 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सी0यू0जी0 मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सभी जगह शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षायें प्रारम्भ हुई। केन्द्राध्यक्षों की निगरानी में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाकादलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। परीक्षायें 25 मार्च, 2021 को समाप्त होंगी।

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

13 फरवरी, 2021

मा0 कुलपति जी ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर–2020 एवं जून– 2020 की सेमेस्टर परीक्षायें दिनांक 09 फरवरी, 2021 से प्रदेश के 111 परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। लगभग 40 हजार परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। अभी तक कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये नहीं पकड़ा गया। परीक्षायें दो पालियों में प्रातः 9 से 12 तथा अपराह्न 1 से 4 बजे तक पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचितपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही है।

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने दिनांक 13 फरवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सी0यू0जी0 मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सभी जगह शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षायें प्रारम्भ हुई। केन्द्राध्यक्षों की निगरानी में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाकादलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। परीक्षायें 25 मार्च, 2021 को समाप्त होंगी।

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

14 फरवरी, 2021

कुलपति ने किया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बॉसडीह में स्वामी विवेकानन्द के शैलचित्र का अनावरण

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बॉसडीह, जनपद– बलिया में नवस्थापित स्वामी विवेकानन्द के शैलचित्र के अनावरण के अवसर पर उपस्थित मा0 अतिथि, महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं शिक्षकगण।

दिनांक 15 फरवरी, 2021 को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बॉसडीह, जनपद– बलिया में नवस्थापित स्वामी विवेकानन्द के शैलचित्र के अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवस्थापित स्वामी विवेकानन्द के शैलचित्र का अनावरण जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की मा0 कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय के कर कमलों द्वारा एवं ए0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्यगण, शिक्षक, छात्र–छात्रायें एवं गममान्य नागरिक उपस्थित रहें।

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

14 फरवरी, 2021

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन सुनवाई समाधान प्रणाली की बैठक

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन सुनवाई समाधान प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) पर समय सीमा के उपरान्त लम्बित (डिफाल्टर सन्दर्भो) के निस्तारण एवं मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित वादों में शतप्रतिशत–पत्र दाखिल किये जाने के सम्बन्ध में समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की दिनांक 15 फरवरी, 2021 को पूर्वाह्न 11:30 बजे जूम एप पर वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता नें (जूम एप पर वर्चुअल बैठक) प्रतिभाग किया।

कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता

जूम एप पर वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

18 फरवरी, 2021



ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।

मुक्त विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में सत्र जनवरी 2020–21 की स्नातक एवं स्नातकोत्तर को छोडकर समस्त पी0जी0 डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र एवं जागरूकता कार्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया गुरूवार से प्रारम्भ हो गयी। मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रवेश प्रक्रिया का उद्घाटन करते हुए कहा कि नवीन सत्र में प्रारम्भ हुए रोजगारपरक कार्यक्रमों से प्रदेश भर के शिक्षार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होने कहा कि कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों का जबर्दस्त रूझान है। आज प्रवेश कार्यालय में स्पॉट एडमीशन में विभिन्न कार्यक्रमों में छात्रों ने प्रवेश लिया। इस अवसर पर माननीय कुलपति जी द्वारा प्रवेश विवरणिका का विमोचन भी किया गया।

सत्र जनवरी 2020–21 की प्रवेश प्रक्रिया में प्रदेश में स्थित सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, बरेली, कानपुर, गोरखपुर, आगरा, अयोध्या, मेरठ, झांसी, आजमगढ़ तथा गाजियाबाद में प्रवेश के लिए छात्र–छात्राओं में काफी रूझान रहा। प्रवेश प्रभारी डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव ने प्रारम्भ में कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह का स्वागत किया। कोविड–19 के दौरान मुक्त एवं दुरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता एवं मांग विश्वविद्यालय में अत्यधिक महसूस की गयी तथा प्रवेश में वृद्धि देखी गयी। उन्होंने इस पुनीत कार्य में सभी विद्याशाखाओं के निदेशकों से एवं विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की।

कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि यू0जी0सी0 ने इस बार विश्वविद्यालय को कई रोजगारपरक कार्यक्रम प्रदान किए हैं, जिनका प्रचार–प्रसार छात्रों के बीच में किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की यह जिम्मेदारी है कि वे विश्वविद्यालय के लोकप्रिय कार्यक्रमों जन–जन तक फैलायें। उन्होंने आदि कार्यक्रमों को अत्यन्त उपयोगी बताया। प्रो0 सिंह ने कहा कि भविष्य में और उपयोगी कार्यक्रम प्रारम्भ किए जायेंगे।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रो0 प्रेम प्रकाश दुबे, प्रो0 आशुतोष गुप्त, प्रो0 एस0 कुमार, डॉ0 दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।

ऑनलाइन प्रवेश का शुभारम्भ करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं विश्वविद्यालय के निदेशक व शिक्षकगण।

ऑनलाइन प्रवेश के शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित छात्र–छात्रायें।

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

18 फरवरी, 2021

मुक्त विवि

वीसी प्रो. केएन सिंह का कार्यकाल बढ़ा

कार्यकाल बढ़ने पर
मा0 कुलपति
प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी
को
पुष्पगुच्छ भेंट कर
उनको
बधाई देते हुए
विश्वविद्यालय परिवार
के
सदस्यगण।

[redacted] उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह का कार्यकाल राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है। उनके पास प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार भी है।

मुक्त विश्वविद्यालय के 10वें और वर्तमान कुलपति के तौर पर प्रो. सिंह ने 21 फरवरी 2018 को पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में विवि को शिखर पर ले जाने का कार्य किया। उन्होंने विवि में तमाम नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी देने के साथ कई ऐतिहासिक फैसले भी लिए। कैदियों और किन्नरों को मुफ्त में पढ़ाने का निर्णय भी प्रो. सिंह ने लिया। उनकी सिफारिश पर ही राजभवन ने व्यक्तिगत डिग्री पर रोक भी लगाई थी। 20 फरवरी को उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। प्रो. संगीता श्रीवास्तव को इविवि में कुलपति बनाए जाने पर राज्य विवि का अतिरिक्त प्रभार भी प्रो. सिंह को सौंपा गया। प्रथम परिनियमावली-2002 के परिनियम-2.02 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. केएन सिंह के कुलपति पद के कार्यकाल को नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है।

लेबर सर्वे सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन लॉन्च पेज 17 | रश्मि का ऑक्सफोर्ड छात्र संघ अध्यक्ष पद से इस्तीफा पेज 20

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

www.livehindustan.com

युवा | आज का दिन 1915 में महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले का निधन हुआ। | हिन्दुस्तान 04 प्रयागराज • शुक्रवार • 19 फरवरी 2021

वीसी प्रो. केएन सिंह का कार्यकाल बढ़ा

मुक्त विवि

प्रयागराज | निज संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन सिंह का कार्यकाल राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अग्रिम आदेश या नए कुलपति की नियुक्ति तक बढ़ा दिया है। प्रो. सिंह ने 21 फरवरी 2018 को विश्वविद्यालय के दसवें नियमित कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया था। 20 फरवरी को प्रो. सिंह का कार्यकाल पूरा होगा।

प्रो. संगीता श्रीवास्तव को इविवि में कुलपति बनाए जाने पर प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी प्रो. सिंह को सौंपा गया। गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस बारे में पत्र भेजा। इसमें कहा गया कि विवि में वर्तमान में नियमित कुलपति की नियुक्ति में कुछ समय लगने की संभावना है। ऐसे में प्रथम परिनियमावली-2002 के परिनियम-2.02 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. केएन सिंह के कुलपति पद के कार्यकाल को नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक बढ़ा दिया गया है।

दैनिक जागरण

युवा जागरण 18

राज्यपाल ने बढ़ाया प्रोफेसर केएन सिंह का कार्यकाल

आदेश जारी

- 20 फरवरी को पूरा हो जाएगा कुलपति पद का कार्यकाल
- कुलपति की नियुक्ति में देरी की मद्देनजर पर लिया फैसला

जासं, प्रयागराज : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह का कार्यकाल राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है। उनके पास प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार भी है।

मुक्त विश्वविद्यालय के 10वें और वर्तमान कुलपति के तौर पर प्रो. सिंह ने 21 फरवरी 2018 को पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में विवि को शिखर पर ले जाने का कार्य किया। उन्होंने विवि में तमाम नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी देने के साथ कई ऐतिहासिक फैसले भी लिए। कैदियों और किन्नरों को मुफ्त में पढ़ाने का निर्णय भी प्रो. सिंह ने लिया। उनकी सिफारिश पर ही राजभवन ने व्यक्तिगत डिग्री पर रोक भी लगाई थी। 20 फरवरी को उनका तीन साल का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। प्रो. संगीता श्रीवास्तव को इविवि में कुलपति बनाए जाने पर राज्य विवि का अतिरिक्त प्रभार भी प्रो. सिंह को सौंपा गया। प्रथम परिनियमावली-2002 के परिनियम-2.02 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. केएन सिंह के कुलपति पद के कार्यकाल को नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है।

अमर उजाला

प्रयागराज शुक्रवार, 19 फरवरी 2021

कोविड कार्यशाला मोदी बोले-21वीं सदी को एशिया के नाम करने के लिए दिखानी होगी एकजुटता...12 उत्तर प्रदेश

अमर उजाला प्रयागराज युवा Youth amarujala.com प्रयागराज | शुक्रवार, 19 फरवरी 2021 6

मुक्त विवि के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन सिंह का कार्यकाल राज्यपाल ने अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है। प्रो. केएन सिंह ने 21 फरवरी 2018 को मुक्त विवि के कुलपति का पदभार संभाला था। 20 फरवरी 2021 को उनका तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नए कुलपति की नियुक्ति न होने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उनका कार्यकाल अग्रिम आदेश तक बढ़ाया है। प्रो. केएन सिंह के पास प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार भी है। ब्यूरो

मुक्त विवि में जनवरी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी 2021 सत्र की प्रवेश प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। कुलपति प्रो. केएन सिंह ने पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और जागरूकता कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रवेश की शुरुआत की। जनवरी सत्र में स्नातक एवं परास्नातक के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के शिक्षार्थी भी ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश प्रभारी डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव के अनुसार जनवरी 2021 में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रथम वर्ष में नए प्रवेश नहीं लिए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया 20 मार्च 2021 तक संचालित की जाएगी। ब्यूरो

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

A Quarterly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

20 फरवरी, 2021

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सफल क्रियान्वयन के परिप्रेक्ष्य में
शिक्षक शिक्षा के पुनरुत्थान हेतु

राष्ट्रीय कार्यशाला

शिक्षक शिक्षा का पुनरुन्नयन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

राष्ट्रीय शिक्षा नीति .2020 पर कार्यशाला का आयोजन

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, नोएडा के तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सफल क्रियान्वयन के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक शिक्षा के पुनरुत्थान हेतु **''शिक्षक शिक्षा का पुनरुन्नयन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020''** विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 20 फरवरी, 2020 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित की गयी। राष्ट्रीय कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति, जयनारायण विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार तथा सारस्वत अतिथि माननीय यतीन्द्र जी, अखिल भारती सह संगठन मंत्री, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, नोएडा रहे। राष्ट्रीय कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दीप प्रज्ज्वलित कर
राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ
करते हुए
माननीय अतिथिगण।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 हरिकेश सिंह, सारस्वत अतिथि माननीय यतीन्द्र जी एवं माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मॉ0 सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए। कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता, डॉ0 नीता मिश्रा एवं डॉ0 स्मिता अग्रवाल ने मा0 अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सह–सयोजक डॉ0 दिनेश सिंह ने किया।

मा0 अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी निदेशक,शिक्षा विद्याशाखा प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय ने किया तथा विषय प्रवर्तन दिग्विजय नाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के डॉ0 राज शरण शाही ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचि डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह–सयोजक डॉ0 दिनेश सिंह एवं मंचासीन माननीय अतिथिगण।

सभागार में उपस्थित प्रतिभागीगण।

मा0 अतिथियों का स्वागत

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 हरिकेश सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता।

सारस्वत अतिथि माननीय यतीन्द्र जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 नीता मिश्रा।

माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई डॉ0 स्मिता अग्रवाल।

सभागार में उपस्थित प्रतिभागीगण।

अतिथि परिचय एवं स्वागत

मा0 अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो0 पी.के. पाण्डेय

कार्यक्रम संयोजक प्रो0 पी.के. पाण्डेय ने मा0 अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते हुए नई शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के लिए आह्वान किया, और कहा कि शिक्षा ही प्रमुख आधार है, जो इसका क्रियान्वयन करेगा।

विषय प्रवर्तन

डॉ राज शरण शाही

विषय प्रवर्तन करते हुए दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज, गोरखपुर के डॉ राज शरण शाही ने कहा कि भारत में शिक्षा की सर्वश्रेष्ठ परंपरा रही है। जिसमें शिक्षक शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा मनुष्य निर्माण की प्रक्रिया है। शिक्षक शिक्षा की 5 प्रतिबद्धताएं होनी चाहिए। इसके लिए अध्यापक शिक्षा संस्थानों को साधक का स्थान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि अध्यापक शिक्षा संस्थानों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

सारस्वत अतिथि का उद्‌बोधन



कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त करते हुए सारस्वत अतिथि माननीय यतीन्द्र जी

शिक्षक राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करें – श्री यतींद्र

